हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 31.3 डिग्री
न्यूनतम 16.5 डिग्री

10 फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नौनिहालों ने बिखेरी छटा



10 तेलियान पुल, राजगुरु मार्केट व पीएलए से हटाया अतिक्रमण



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 2 को

**हिसार।** हरियाणा विकास भारत फाउंडेशन एवं भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 2 नवंबर को स्वर्गीय सीए धर्मपाल सर्राफ के 100वें जन्मदिवस पर उनकी स्मृति में निशुल्क नेत्र जांच शिविर व फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्व. सीए धर्मपाल के पुत्र सीए प्रीतिपाल सर्राफ व उनके परिवार द्वारा आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन व आंखों की जांच का यह निशुल्क शिविर आयोजित किया जाएगा।

### इक ओंकार सतनाम मेडिटेशन कैंप कल से

**हिसार।** गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में ओशो ध्यान उपवन में 1 व 2 नवंबर को इक ओंकार सतनाम मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। 1 नवंबर को मेडिटेशन कैंप प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक जारी रहेगा। 2 नवंबर को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर चलेगा। इस मेडिटेशन कैंप का संचालन स्वामी सच्चिदानंद द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सहगल ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**हिसार।** अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन एमएल सहगल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र धीमान ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय 16 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। उसके बाद यह आयोग ठंडे बस्ते में चला गया। अब बिहार विधानसभा चुनाव के समय 29 अक्तूबर को प्रधानमंत्री ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सचिव एवं एक अन्य सदस्य की घोषणा कर दी।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में किया हवन

**हिसार।** आर्य प्रादेशिक उपसभा के अंतर्गत चल रहे वैदिक संस्कार पुण्य मास के अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आर्य युवा समाज के अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार पवित्र हवन के साथ हुआ जिसमें विद्यालय के आचार्यों और विद्यार्थियों ने आहुति अर्पित की।

### गोशालाओं को बकाया ग्रांट जल्द दे सरकार

**हिसार।** नगर की अनेक गोशालाओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े गोसेवक सत्य काम आर्य ने प्रदेश सरकार से गौशालाओं को चारा की बकाया ग्रांट जल्द से जल्द देने का अनुरोध किया है। आर्य ने कहा कि सरकार द्वारा गोशालाओं को गोसेवा आयोग के माध्यम से चारा के लिये छोटे बछड़ा व बछड़ी के लिये 10 रुपये, गाय के लिए 20 रुपये व सांड के लिए 25 रुपये रोजाना की ग्रांट दी जाती है लेकिन सरकार द्वारा 31 मार्च 2025 तक ही चारा की ग्रांट दी गई है।

### प्रदर्शनी के जरिए नशे के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय मंगाली में नशे के प्रति जागरूकता विषय पर एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रिंसिपल डॉ. अंजू चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के विविध दुष्परिणामों से परिचित कराना था। विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से अपनी कला एवं रचनात्मक का प्रदर्शन किया। आयोजन कार्यक्रम-प्रभारी डॉ. दयानंद आर्य ने किया। प्रदर्शनी में डॉ. मीना रानी, डॉ. सुदेश, डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. अजय, सीमा आदि मौजूद रहे।

## नागरिक शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश

# प्रदेश ने आज विकास के नए युग में प्रवेश किया : गंगवा

### कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह ने सैनिक विहार कॉलोनी में सीवरेज एवं पेयजल संबंधी कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। विकास कार्य का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वीरवार को सैनिक विहार कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति में सुधार और सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त रखने के उद्देश्य से लगभग 36 लाख रुपये की लागत से सीवरेज एवं पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया।

इस परियोजना के पूर्ण होने पर निवासियों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा जल निकासी प्रणाली में भी सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को नागरिक शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से आवश्यक परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा आज विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है, चाहे वह पेयजल, सीवरेज, सडक़, स्वास्थ्य या शिक्षा क्षेत्र हो, हर दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिसार जिला प्रदेश के विकास मॉडल में एक अहम केंद्र के रूप में उभर रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं शुरू करना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर पूरी ईमानदारी से लागू कर जनता को लाभ पहुंचाना है।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू, मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, कैप्टन फकीर चंद, सतीश भारद्वाज व जस्सू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में हथियारों की प्रदर्शनी

- आधुनिक हथियारों, उपकरणों और सुरक्षा सामग्री प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। पुलिस लाइन में आयोजित प्रदर्शनी में हथियारों की जानकारी देता कर्मी।

पुलिस लाइन हांसी में गुरुवार को हथियारों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी में पुलिस विभाग द्वारा उपयोग किए जाने वाले आधुनिक हथियारों, उपकरणों और सुरक्षा सामग्री का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की प्रदर्शनी से आमजन को पुलिस बल की कार्यप्रणाली, आधुनिक संसाधनों और सुरक्षा तंत्र की जानकारी मिलती है। साथ ही युवाओं में देश सेवा और अनुशासन के प्रति उत्साह भी जागृत होता है। इस अवसर पर पुलिस लाइन प्रबन्धक सब इंस्पेक्टर प्रदीप सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवानी

- नवभारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिवानी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शहर के नवभारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को पुलिस प्रशासन की ओर से साइबर क्राइम, साइबर फ्रॉड एवं नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान थाना प्रभारी उग्रसेन सहित पुलिस पार्टी ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोगए ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों, साइबर अपराधों के प्रकार तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम्स और बैंकिंग ऐप्स का उपयोग करते समय सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी अंजान लिंक या कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।



सिवानी। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन लाल वर्मा ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में तकनीकी जागरूकता बढ़ाने के साथ.साथ उन्हें डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की प्रेरणा देते हैं।

नगर पालिका पार्षद प्रणव गोयल ने पुलिस प्रशासन एवं विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना की।

# खेदड़ की स्वर्ण पदक विजेता बेटियों अर्पिता और कोमल का किया स्वागत

एशियन यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर कैबिनेट मंत्री ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला



बरवाला। स्वर्ण पदक विजेता बेटियां अर्पिता और कोमल को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो :हरिभूमि

एशियन यूथ गेम्स 2025 में भारत का नाम रोशन करने वाली गांव खेदड़ की बेटियों अर्पिता और कोमल का ग्राम पंचायत और ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाडिय़ों ने बहरीन (ईरान) में आयोजित एशियन यूथ गेम्स में भारतीय महिला कबड्डी टीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया। कैबिनेट मंत्री ने अर्पिता और कोमल को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ये बेटियां न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे हरियाणा की शान हैं। ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़ों और फूलों की वर्षा के साथ दोनों स्वर्ण विजेता बेटियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# बाइकर्स ने रिटायर्ड शिक्षक से एक लाख लूटे

- बैंक से रुपये निकलवाकर बस स्टैंड की ओर जा रहा था पीड़ित शिक्षक
- पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चैक कर बदमाशों का पता लगाने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की फूटेज चैक करते सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुमेर सिंह व अन्य फोटो : हरिभूमि

बरवाला रोड़ स्थित भाटला गांव में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा एक रिटायर्ड शिक्षक से एक लाख रुपये की नकदी लूट कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर डायल 112, भाटला पुलिस चौकी, सीआईए तथा सदर थाना पुलिस प्रभारी सुमेर सिंह मौके पर पहुंचे और एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चैक कर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। गांव चैनत निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक राजपाल गुरुवार सुबह भाटला स्थित एसबीआई बैंक से 4 लाख रुपये निकलवाए थे। जिनमें से 3 लाख उन्होंने पास ही स्थित भाटला को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा में जमा करवा दिए थे। राजपाल एक लाख रुपये से भरा बैग लेकर भाटला बस स्टैंड की ओर जा रहे था कि इसी दौरान वह सड़क किनारे रुक कर लघु शंका कर रहे थे। बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

#### बदमाश युवक ने नहीं ढका था चेहरा

पीड़ित राजपाल ने बताया कि पैसा छीनने वाले युवक ने अपना चेहरा नहीं ढक रखा था और बेधड़क तरीके से उसके पास आया और उसके हाथ से बैग छीन कर फरार हो गया। राजपाल ने बताया कि वारदात इतनी तेजी से घटित हुई कि उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला।

### अवैध कॉलोनी में सड़क उखाड़ी

**हिसार।** नगर योजनाकार विभाग की टीम ने कैमरी रोड पर अवैध कालोनियों में जेसीबी की सहायता से बनाए गए सड़क नेटवर्क को उखाड़ा। इस दौरान चारदीवारी कर बनाए गए शेड को गिराया गया और डीपीसी को उखाड़ा दिया गया। कार्रवाई के दौरान हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की टीम व आजाद नगर पुलिस भी मौजूद रही। इस अवसर पर डी.टी.पी.दिनेश सिंह, डयूटी मजिस्ट्रेट एवं एस.डी.ओ. सिंचाई विभाग मक्खन सिंह, फील्ड इन्वेस्टिगेटर दीपक कुमार मौजूद रहे। आम लोगों को अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदने और निर्माण न करने का सुझाव दिया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत, एक गंभीर

- आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ किए मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अंबाला निवासी 18 वर्षीय निखिल अपने साथी प्रिंस (19) निवासी फेरूवाला के साथ बाइक पर दोस्त की शादी का कार्ड देने जा रहा था। दोनों आईटीआई यमुनानगर में कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र थे। लौटते वक्त जठलाना के मोड़ पर एक पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। निखिल के सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही बेहोश हो गया। हादसे को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

#### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से दो कर्मियों की मौत

हमीदा निवासी इबरार तथा कामी माजरा निवासी मनोज प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते थे। वह रात को नाइट ड्यूटी पर जा रहे थे। जब वह दोनों बाइक पर सवार होकर खजूरी रोड स्थित लक्कड़ मंडी के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

### ऑटो मार्केट में तीसरी मंजिल पर लगी आग

**हिसार।** ऑटो मार्केट में गुरुवार दोपहर टायर की तीन मंजिला दुकान के तीसरी मंजिल पर अचानक आग लग गई। आग लगने से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग की दी गई। दमकल विभाग ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे ऑटो मार्केट स्थित दुकान नंबर 481 की तीसरी मंजिल पर टायरों को रिसोल करने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान चिंगारी से पूरी दुकान में आग फैल गई। कुछ ही मिनटों में लपटों ने भीषण आग का रूप धारण कर लिया। आग को देखकर कर्मचारी बाहर आ गए।

# गोमाता भारतीय संस्कृति और आस्था की प्रतीक

गोपाष्टमी पूजन का 16वां वार्षिक महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला

बरवाला-अग्रोहा मोड़ स्थित श्री गोसेवा समिति द्वारा आयोजित गोपाष्टमी पूजन समारोह के 16वें वार्षिक महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और गोमाता की पूजा-अर्चना कर गौसेवा के इस पावन आयोजन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को भी गोमाता के महत्व और भारतीय परंपरा के प्रति जागरूक करें।

इस अवसर पर बरवाला नगर पालिका के चेयरमैन रमेश बैटरी वाला, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, मुकेश मितल, सुंदर गोयल, त्रिलोक दत, विनोद गिल, विनोद बंसल, प्रधान त्रिलोक शर्मा, जीवन सिंगला, मुरली गर्ग, बिजेन्द्र बामल, विनोद मिलकपुर आदि मौजूद रहे।

## लघु सचिवालय में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक आयोजित

# पंचायत मंत्री पंवार नहीं पहुंचे तो डीसी अनीश यादव ने सुने परिवाद

### एजेंडे में शामिल जन शिकायतों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर नागरिकों की समस्या सुनते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय परिसर के जिला सभागार में गुरुवार को जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को मीटिंग लेनी थी, लेकिन वे मीटिंग लेने नहीं पहुंचे पाए। ऐसे में उपायुक्त अनीश यादव ने मीटिंग की अध्यक्षता की और एजेंडे में शामिल जनता से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। शेष शिकायतों को आगामी बैठक तक के लिए लंबित रखा गया। एजेंडे में कुल 17 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 6 शिकायतें मंत्री पंवार के समय से पेंडिंग थी, जिन्हें आगे के लिए भी पेंडिग रख लिया गया। बता दें कि जनपरिवाद समिति की यह लगातार दूसरी मीटिंग जब पंचायत मंत्री पंवार मीटिंग लेने नहीं पहुंचे।

#### अवैध कब्जे हटाने के निर्देश

*बरवाला के वार्ड नंबर एक में गली में अवैध में कब्जे को लेकर रखी गई समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आजाद नगर व शास्त्री नगर में खाली प्लॉट में गोबर डालने, जानवरों का दफनाने को लेकर प्रस्तुत शिकायत के संदर्भ में उपायुक्त अनीश यादव ने संबंधित अधिकारियों को मौका मुआयना कर उचित कार्रवाई करने की हिदायत दी। इसी प्रकार टिब्बा दानेशर मिल गेट निवासी रेखा ने शिकायत प्रस्तुत करते हुए बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक फ्लैट मिला था, जिसके लिए मैंने लगभग 58 हजार रुपये की राशि दी थी, बाकी रुपये की किश्त अदा करनी थी, लेकिन फ्लैट की पोजशन नहीं मिली। इस शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम को इस मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।*

#### जलघर की खस्ता हालत डीसी ने दिए जांच के आदेश

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में गांव सलेमगढ़ के ग्रामीणों द्वारा जलघर की खस्ता हालत तथा निम्न क्वालिटी का फिल्टर लगाने की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने इस मामले की जांच करवाने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी का गठन करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि इस जलघर के साथ-साथ अन्य जलघरों की भी आवश्यकता अनुसार साफ-सफाई करवाई जाए।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद के एसडीएम विकास यादव, डीआईओ दीपक भारद्वाज, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *



रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *



## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स

**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालू कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *



बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु

रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।

-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।


-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।

-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177

1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर



कहानी

क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अंतरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अतंरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मयंक, गुना**



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप


हिसार। होलसेल जनरल मर्चेन्ट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में उपस्थित व्यापारी।

### मर्चेन्ट एसोसिएशन प्रधान ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

**हिसार।** होलसेल जनरल मर्चेन्ट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक ईश्वर दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। एसोसिएशन के प्रधान रमेश ठकराल ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना व उसके निदान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बैठक के दौरान कई कम्पनियों के अधिकारियों से सकारात्मक बातचीत की। एसोसिएशन के सचिव अनिल खट्टर ने बताया कि बैठक में लगभग 60 व्यापारियों ने भाग लिया। सभी सदस्यों को एसोसिएशन की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।


हिसार। समाजसेवी विकास हिसारी का सम्मान करते आचार्य राघवाचार्य महाराज।

### भागवत कथा में राघवाचार्य महाराज ने किया सम्मानित

**हिसार।** कार्तिक माह के उपलक्ष्य में सैक्टर-15 स्थित सरस्वती पार्क में चल रही भागवत कथा में कथा वाचक राघवाचार्य महाराज ने आये हुए गणमान्य लोगों का सम्मान किया। समाजसेवी विकास हिसारी को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने आए हुए अन्य श्रद्धालुओं के साथ आरती की। कथा 31 अक्तूबर तक चलेगी। इस अवसर पर विक्रम सिंह, अमित सरदाना, ओमप्रकाश मेहता, बी.एल.भाटिया, लक्ष्मण दास, रामनिवास, राजकुमार टांक, जगदीश रेल्हन, विनोद गुर्जर, जॉनी चौधरी, संजय निदानिया, विक्की नायक, संदीप दुआ आदि मौजूद रहे।

## इंडस पब्लिक स्कूल मिर्चपुर हिसार में कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने सीखे स्काउट के गुण

**हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रवेशिका शिविर का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


नारनौंद। इंडस स्कूल मिर्चपुर में छात्रों को जागरूक करते हुए।

गांव मिर्चपुर के इंडस पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रवेशिका शिविर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर राज्य संगठन स्काउट-गाइड की ओर से नरेश कुमार हिसार एवं उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड नियम, अनुशासन, प्राथमिक चिकित्सा, आत्मरक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व कौशल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और टीम वर्क, सेवा भावना तथा अनुशासन जैसे गुण आत्मसात किए। छात्रों ने तीन दिन की प्रवेशिका शिविर में मार्च पास्ट करना व मुख्य अतिथि को एस्कॉर्ट करते हुए ध्वजारोहण स्थान तक ले जाना सही तरीके से ध्वजारोहण करना ध्वज को सलामी व मुख्य अतिथि को सलामी के साथ परेड करना सीखा। स्कूल के प्रिंसिपल बिजेंद्र सिंह खटकड़ ने ध्वजरोहण किया और विद्यार्थियों को अनुसासन में रहकर मिलजुल कर कार्य करना चाहिए जो हमें सफलता की ओर ले जाता है।

एकता में रहकर कार्य करते रहना चाहिए। जिससे सभी कार्य सरल और सुगम हो जाते है। इस तरह के प्रशिक्षण शिविर हमें एकता व भाईचारे की शिक्षा देते है। स्काउट की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे अवसर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।


हांसी। पदक विजेता विद्यार्थियों का स्वागत करती स्कूल प्राचार्या गीता मेहता। *फोटो : हरिभूमि*

**ब्लॉक स्तरीय अंडर-11 खेल प्रतियोगिता**

# श्री काली देवी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने खेलों में जीते 11 स्वर्ण पदक

**जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर के 9 विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय अंडर-11 खेल प्रतियोगिता में कुल 11 स्वर्ण पदक हासिल किए व उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का आयोजन सनराइज हाई स्कूल, ढाणी पीरावाली में किया गया। दो दिनों तक हुई प्रतियोगिता में ब्लाक के 70 विद्यालयों के 1105 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के अंडर-11 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिले रेस (4 गुना 100 मीटर) में एनरिक, पारस, कैरव और नितीन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में एनरिक ने दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। शतरंज प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में नव्या, सैशा एवं तनिष्का की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शतरंज (बालक वर्ग) में शौर्यवीर्य एवं ओमकार ने प्रथम स्थान हासिल किया।

इन सभी विजेताओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने पदक विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन और मेहनत, विद्यालय की पीटीआई बबली के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

# विपक्ष के पास इस समय कोई मुद्दा नहीं बचा : कुलदीप बिश्नोई


आदमपुर। लोगों से बातचीत करते पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, साथ है नलवा से विधायक रणधीर पनिहार। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रत्येक हलके में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं। यही कारण है कि आज प्रदेश में प्रत्येक हलके में विकास कार्य जोर-शोर से चल रहे हैं।

यह बात विपक्षी दलों को हजम नहीं हो रही है। यह बात गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने आदमपुर हलका के दौरे के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कही। दौरे के दौरान उन्होंने हलका के विभिन्न गांवों में अपनों के सुख-दुख में शिरकत की।

**जनकल्याण को लेकर नीतियां लागू**

पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी आज भी जमीन से जुड़े हुए हैं और उनको प्रदेश की आम जनता के हितों की परवाह है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार लगातार जनकल्याण को लेकर नीतियां लागू कर रही है। नलवा हलका की धन्यवाद रैली में मुख्यमंत्री ने नलवा हलका के विकास को लेकर खुलकर घोषणाएं की हैं। आदमपुर हलका के विकास को लेकर भी मुख्यमंत्री पूरी तरह से गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास इस समय कोई मुद्दा नहीं बचा है और उनको प्रदेश विकास हजम नहीं हो रहा है। इसलिए वो जनता को भरमाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता उनकी असलियत जान चुकी है। दौरे के दौरान नलवा हलका के विधायक रणधीर पनिहार सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण गोशाला संस्थान के गोसेवा कार्यों की सराहना की

# गोसंरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए : चंद्रप्रकाश

**विधायक चंद्रप्रकाश ने गोपाष्टमी महोत्सव में किया गोपूजन, गोसंरक्षण का किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर


आदमपुर। गोपाष्टमी महोत्सव में गोपूजन करते विधायक चंद्रप्रकाश।

आदमपुर की श्रीकृष्ण गोशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में विधायक चंद्रप्रकाश ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करके गोपूजन किया और गोसंरक्षण का आह्वान भी किया। श्रीकृष्ण गोशाला संस्थान द्वारा आयोजित इस महोत्सव में पहुंचकर चंद्रप्रकाश ने गोशाला का अवलोकन करके यहां किए जा रहे गोसेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने विधि विधान से गोमाता को तिलक करके पूजा की और गायों को हरा चारा भी खिलाया। इस दौरान विधायक चंद्रप्रकाश ने गोशाला में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण-राधा मंदिर में माथा टेककर जनकल्याण की कामना भी की।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए चंद्रप्रकाश ने कहा कि धर्म ग्रंथों के अनुसार गोमाता में समस्त देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इतना ही नहीं गोमाता द्वारा प्रदत दूध, गोमूत्र व गोबर से अनेक औषधियां भी बनाई जाती हैं। इसलिए हर नागरिक को गोमाता का सम्मान करते हुए गोसंरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण गोशाला गायों की सेवा में अनुकरणीय भूमिका अदा कर रही है। इरसी भांति हर इंसान को गायों की सेवा व संभाल के लिए यथासंभव योगदान देना चाहिए।

सम्मान समारोह में विधायक चंद्रप्रकाश ने समाज हित के उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित भी किया।

गोपाष्टमी समारोह के साथ ही विधायक चंद्रप्रकाश ने गांव आदमपुर में स्थापित श्री रामदेव मंदिर के संकट मोचन श्री बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना समारोह में भी हिस्सा लिया।

# लुवास में जागरूकता कार्यक्रम में दी नए कानूनों की जानकारी

**कानूनों की प्रमुख विशेषताओं, महत्वपूर्ण परिवर्तनों के बारे में बताया**

**बच्चों की सुरक्षा पर दे रहे विशेष बल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लुवास में डॉ राजेश खुराना के सानिध्य में शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में वर्ष 2023 में भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने नये कानूनों की विशेषताओं, महत्वपूर्ण परिवर्तनों आदि के बारे में विस्तार से बताया।

**प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया**

*उन्होंने यह भी बताया कि ये नए कानून नागरिक केंद्रित न्याय प्रणाली, त्वरित न्याय प्रक्रिया, तकनीक के उपयोग तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष बल देते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी साथ साथ आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने अपनी शंकाएं रखीं और पुलिस अधिकारियों ने उनका समाधान किया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधिकारियों और उपस्थित प्रतिभागियों को डॉ संदीप गुप्ता ने धन्यवाद किया।*


हिसार। मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों के साथ खिलाड़ी।

### खो-खो में गवर्नमेंट स्कूल किराड़ा ने मारी बाजी

**हिसार।** अग्रोहा स्थित द रेडियंस स्कूल ने ब्लॉक स्तरीय अंडर-11 खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की मेजबानी की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने खेल भावना और जोश के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि डीएसपी श्रद्धा सिंह ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अमनदीप ने की। विद्यालय के चेयरमैन गौरव सिंह एवं प्रधानाचार्या विनोद पूनिया ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नवीन, राजेश गोयत, सतीश पूनिया सहित सभी टीम सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई। लड़कों की कबड्डी प्रतियोगिता में सुखराम पब्लिक स्कूल ने प्रथम तथा द रेडियंस स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी (लड़कियां) में हुड्डा स्कूल ने प्रथम और द रेडियंस स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो (लड़कियां) में गवर्नमेंट पब्लिक स्कूल किराड़ा ने प्रथम तथा द रेडियंस स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# दलबीर सिंह का प्रदेश की राजनीति में था खास स्थान

**पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. दलबीर सिंह की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन**

**प्रदेशभर से कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देने पहुंचे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पूर्व केंद्रीय मंत्री दलबीर सिंह की पुण्यतिथि पर सांसद कुमारी सैलजा के आवास पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रदेश भर से कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देने पहुंचे और यज्ञ में आहुति डालकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि चौ. दलबीर सिंह के आदर्श और उनका मार्गदर्शन आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। हरियाणा की राजनीति में उनका एक अहम स्थान था और उनका नाम देश व प्रदेश की राजनीति में आज भी पूरे सम्मान के साथ लिया जाता है।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर विधायक परमवीर विधायक, पूर्व मंत्री संपत सिंह, प्रदीप चौधरी, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, राजरानी पूनम, आर के रंगा, जगन्नाथ, लाल बहादुर खोवाल, नरपाल सिंह, बृजलाल बहबलपुरिया, देवेंद्र सिंह, अरविन्द शर्मा, विजय कौशिक, धर्मबीर गोयत, जयपाल लाली, अश्विनी शर्मा, भूपेंद्र गंगवा, सुरेंद्र सैनी, ईश्वर सिंह, मनोज राठी, कृष्ण सातरोड, अनिल सैनी, मुकेश सैनी, दिलबाग हुड्डा, बजरंग इंदल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रही*

## विज्डम स्कूल के छात्रों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

# वन्यजीव संरक्षण व पर्यावरण संतुलन का महत्व बताया

**भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तक से परे व्यावहारिक ज्ञान देना रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। शैक्षणिक भ्रमण करते विज्डम स्कूल के विद्यार्थी।

साउथ बाइपास स्थित विज्डम स्कूल के पांचवी कक्षा के छात्रों ने 28 अक्टूबर को चंडीगढ़ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तक से परे व्यावहारिक ज्ञान देना और प्रकृति व कला के प्रति उनकी रुचि को बढ़ाना था। भ्रमण की शुरुआत छतबीर चिड़ियाघर से हुई, जहां बच्चों ने शेर, बाघ, हाथी, हिरण, मोर सहित अनेक दुर्लभ जीव-जंतुओं को नज़दीक से देखा। शिक्षक दल ने विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इसके बाद विद्यार्थियों ने सुखना लेक का रुख किया, जहां उन्होंने लेक के आसपास की प्राकृतिक सुंदरता को सराहा। शांत वातावरण और स्वच्छ हवा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में दल ने रॉक गार्डन का भ्रमण किया, जिसे नेकचंद ने पुनर्चक्रित वस्तुओं से तैयार किया है।

**अनुभव साझा किए**

विद्यालय की प्राचार्या नीलम पिलानिया ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और अनुभवात्मक ज्ञान बढ़ता है। इसके साथ-साथ विद्यार्थी आपस में संतुलन व तालमेल बनाना भी सिखाते हैं और उनमे निर्णय लेने की शक्ति का भी विकास होता है। सभी छात्र उत्साह और नई ऊर्जा के साथ विद्यालय लौटे और अपने अनुभव सांझे किए।

# सरकार ने पूरा नहीं किया आश्वासन : बलराज


हिसार। बालसमंद उपतहसील के बाहर धरने पर बैठे किसान।

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी की तरफ से बालसमंद सब तहसील पर तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। तीसरे दिन धरने की अध्यक्षता सुल्तान चौधरीवाली व पृथ्वी बैनीवाल खारिया ने की। बलराज ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को सीएम की घोषणा के अनुसार दीपावली पर्व तक खराब व नुकसान की भरपाई के लिए आश्वासन दिया था जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। क्षेत्र में लगातार हुई बारिश से फसल उपज नहीं होने से किसान कर्जवान होता जा रहा है।

सरकार ने घोषणा के अनुसार और किसानों की मांग पर अब तक बीमा मुआवजा राशि जारी नहीं की है। उन्होंने कहा कि लगातार हुई बारिश से फसले खराब हुई है, क्षेत्र में आज भी जल भराव है, जिसके कारण किसानों को पिछली फसलों की पैदावार नहीं मिली है और आगामी फसल भी किसान खड़े पानी के कारण बिजाई नहीं कर पाएंगे।

### जिला पुलिस लाइन में जांच शिविर आयोजित

**हिसार।** पुलिस कर्मियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल में एक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल की विशेषज्ञ डॉक्टर टीम ने सहयोग प्रदान किया।

**सूचना**

मैं, अश्वनी पुत्र आशा राम निवासी लोहरवाड़ा तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अश्वनी पुत्र आशा राम है। किन्तु मेरे लाइसेंस में मेरा नाम अश्वनी पुत्र आशाराम है और अब मैं मेरे लाइसेंस में मेरा नाम अश्वनी पुत्र आशा राम करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी गांव धमाना निवासी संजय को गिरफ्तार किया गा है। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस में तैनात एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि अदालत ने पकड़े गए आरोपी को चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

**हिसार।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित लुवास के प्रशासनिक ब्लॉक के सामने होगा, जिसमें हजारों युवा हिस्सा लेंगे। रन फॉर यूनिटी में लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि विधायक सावित्री जिंदल व पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

### गुजवि छात्र केशव को मिला प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से डैफोडिल अनथिंकेबल ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक आईटी कार्यक्रम के एक विद्यार्थी को प्लेसमेंट मिला है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थी केशव कुमार का चयन किया गया है।

### विधायक रन फॉर यूनिटी को दिखाएंगे हरी झंडी

**हांसी।** लौह पुरुष एवं भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में हांसी में एक भव्य रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी लघु सचिवालय परिसर से आरंभ होगी और लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जाकर संपन्न होगी। विधायक विनोद भयाना शुक्रवार सुबह 6 बजे हरी झंडी दिखाएंगे।

### सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन, आरोपी काबू

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले में आरोपी कालवास निवासी नवीन को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच अधिकारी चंद्रभान ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड की थी। इसके बारे में 15 अक्टूबर को थाना आजाद नगर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया। जिस पर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### किसान सभा का धरना चौथे दिन में प्रवेश

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी का एसडीएम कार्यालय पर धरना वीरवार को चौथे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को धरना की अध्यक्षता रतन मात्रश्याम व बलराज सहरावत ने की तथा संचालन सूबे सिंह बूरा ने किया। धरना को संबोधित करते हुए रतन मात्रश्याम व लक्ष्मण शाहपुर ने आरोप लगाया कि किसान व मजदूर के प्रति सरकार की नीयत व नीति में खोट है।

### साइबर क्राइम के प्रति जागरुकता अभियान

**हांसी।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को थाना साइबर पुलिस ने गांव राजकीय महिला विद्यालय डाटा तथा महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने कोचिंग सेंटर में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर अपराध से बचने के उपायों और इससे संबंधित खतरों के बारे में जानकारी दी।

---

### अतिक्रमण पर नगर निगम प्रशासन सख्त, बाजारों में कार्रवाई

# तेलियान पुल, रेड स्क्वेयर, राजगुरु मार्केट व पीएलए से हटाया अतिक्रमण

**कार्रवाई**

- अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल की अगुवाई में निगम टीम ने गोबिंदगढ़ बाजार में चेकिंग की
- शहरवासी और व्यापारी सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग पूरी तरह बंद करें : चेतल



हिसार। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करती नगर निगम की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम की तहबाजारी टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को निगम टीम ने अभियान की शुरुआत ठंडी सड़क स्थित आईटीआई के पास बक्शी नगर की गली से की। इस दौरान सड़क और गलियों में किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। इसके बाद टीम ने तेलियान पुल, रेड स्क्वेयर मार्केट और राजगुरू मार्केट क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा टीम ने पीएलए क्षेत्र में कार बाजार के संचालकों द्वारा सड़क पर खड़ी की गई गाड़ियों और किए गए अतिक्रमण को भी हटाया। तहबाजारी टीम के साथ कनिष्ठ अभियंता (जेई) राजकुमार भी मौजूद रहे। निगम प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें।

#### नगर निगम ने स्वच्छता नियम तोड़ने पर 10 चालान काटे

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जारी है। निगम टीम ने निरीक्षण के दौरान जिन्दल चौक व सेक्टर 27-28 से सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट ने 2 दुकानदारों के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने पर, 3 दुकानदारों के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर चालान किए गए। इसके साथ ही एक व्यक्ति के द्वारा खुले में कचरा जलाने पर चालान किया गया। इसके अलावा एएसआई राहुल सैनी व एएसआई विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट में बैंक कर्मचारी, शिक्षण संस्थान कर्मी, 4 दुकानदारों के द्वारा रेड स्क्वेयर मार्केट के पीछे व भगत सिंह चौक से मुलतानी चौक रोड वाली गली में एक दुकानदार के द्वारा खुले में कचरा डालने पर चालान किए गए। इसके साथ ही टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।



हिसार। दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करते निगम कर्मचारी।

#### 2 क्विंटल 50 किलोग्राम सिंगल यूज पॉलीथिन जब्त

*हिसार। सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन के उपयोग पर रोक को लेकर गुरुवार को अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने कार्रवाई की। इस दौरान एएसआई राहुल सैनी, एएसआई विजेता और तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा सहित उनकी टीम ने भगत सिंह चौक के पास स्थित गोबिंदगढ़ बाजार में चेकिंग की। इस दौरान 2 क्विंटल 50 किलोग्राम सिंगल यूज पॉलीथीन जब्त किया गया। दुकानदारों को 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पॉलीबैग का उपयोग न करने की हिदायत दी गई। अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने शहरवासियों और व्यापारियों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग पूरी तरह बंद करें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि पर्यावरण, पशु-पक्षी और पेड़-पौधों के लिए भी बेहद हानिकारक है। ये प्लास्टिक डिकंपोज नहीं होते और जलाने पर विषैला धुआं छोड़ते हैं, जो हवा और पानी दोनों को प्रदूषित करता है। उन्होंने कहा कि शहर में जहां भी कचरा होता है, उसमें सिंगल यूज पॉलीथिन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।*

---



हिसार। विजेता कैडेट्स को ट्रॉफी प्रदान करते कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय व अन्य।

# जीवन में अनुशासन व परिश्रम जरूरी : कर्नल

### एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर सपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा चौधरीवास के हिन्दू पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय शिविर संपन्न
- 632 कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण लिया

तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा चौधरीवास के हिन्दू पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेजर आकांक्षा पांडे, विभिन्न महाविद्यालयों के एएनओ, सीटीओ, सैन्य स्टाफ, सिविल कर्मचारी एवं 632 उत्साही कैडेट्स उपस्थित रहे। कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने सभी कैडेट्स को अनुशासन, समर्पण एवं निष्ठा के साथ प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन, आत्म-प्रेरणा, कठिन परिश्रम, सही दिशा, प्रार्थना, योग, जिम्मेदारी, विनम्र व्यवहार, आत्म-विश्वास, लगन, श्रद्धा एवं प्रेमभाव जैसे गुण एक सशक्त और सफल व्यक्तित्व की नींव हैं। कैंप के दौरान कैडेट्स ने ड्रिल, फायरिंग, योग, ताइक्वांडो, मैप रीडिंग, साइबर सुरक्षा, क्विज एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शिविर में मेजर आकांक्षा पांडे, कैप्टन स्नेह लता, कैप्टन रजनी रानी, लेफ्टिनेंट गुंजन शर्मा, थर्ड ऑफिसर लवलीन कौर, सुदेश पूनिया, सीनियर जीसीआई निशा, संगीता, जीसीऐ सोनिका, सूबेदार मेजर सीता राम, सूबेदार निरपाल, सूबेदार टेक सिंह, रोहित शर्मा, अमित नेहरा, लखवीर सिंह एवं विकास कुमार आदि ने भाग लिया।

---

# प्रदेश सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिसके लिए जश्न मनाया जाए : बृजेंद्र सिंह

### पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा ने नलवा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा ने गुरुवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बृजेंद्र सिंह का कई जगहों पर स्वागत किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने गांव कैमरी में पहुंचकर 'सद्भाव यात्रा' को अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया।

उनके साथ असंध के पूर्व विधायक शमशेर गोगी, कांग्रेस दादरी जिला प्रधान सुशील तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हकृवि गेट पर कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत के दौरान पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का एक साल पूरा होने पर जश्न मनाया जा रहा है, लेकिन पिछले एक साल में सरकार ने ऐसा कोई बड़ा काम नहीं किया, जिसके लिए वह जश्न मनाए। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा अपराधियों का गढ़ बन गया है। भाजपा ने युवाओं को अपराध में धकेल दिया है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। जिसके चलते युवा या तो अपराध या डंकी रूट से विदेश जा रहे हैं। सरकार युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रही है।



हिसार। सद्भाव यात्रा के दौरान उपस्थित सांसद कुमारी सैलजा व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर धर्मवीर गोयत, नगर पार्षद सत्यवान पानू, जयप्रकाश, रामबीर सरपंच, उदयवीर सिंह पुनिया, बीर सिंह दलाल, विजय कौशिक, दलजीत पंघाल, राजकुमार खुण्डिया, जोगेंद्र ढुल, बलवान श्योकंद, हरवीर, दिलबाग ढांडा, सुखवीर तलवंडी, दलबीर सिंघराण, राजेश बुरे, कर्मचंद भेरियां, प्रो. मेहरचंद गंगवा, संजय बासंगा, आकाश मंगाली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# सनराइज हाई स्कूल में खंडस्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

### सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों ने दिखाया टैलेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

ढाणी पीरवाली स्थित सनराइज हाई स्कूल में आयोजित अंडर-11 खण्ड स्तरीय खेल कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें खण्ड के लगभग 65 स्कूलों के 613 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर अर्जुन अवार्डी डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि सांगवान ने अपने सम्बोधन में सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज का युग आधुनिक युग है। वर्तमान में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए जिसमें विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास हो सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील शर्मा ने कहा कि विद्यालय ने इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करके अपना एक अलग ही स्थान स्थापित किया है। विद्यालय के चेयरमैन संदीप सांपला ने आए हुए मुख्य अतिथि का सम्मान करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तेलू राम रामायण वाले, प्रधान रविन्द्र अत्री, दिनेश कौशिक, प्रदीप पुनिया, नीरज मानखण्ड प्रधानाचार्या अंजुला दहिया, नरेश सैनी, दर्शना और निर्णायक मण्डल में सुनीता यादव कर्मबीर व कुलदीप सहित दर्शक मौजूद रहे।



हांसी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को सम्मानित करते डीएसपी रविन्द्र सांगवान व बीईओ सुनील शर्मा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

---

# आम आदमी पार्टी ने विजय कुमार को ओबीसी विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आम आदमी पार्टी ने पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया है ताकि वे पूरी जिम्मेवारी से पार्टी को और ऊंचाईयों पर ले जाने का काम करेंगे। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विचार-विमर्श करके नलवा हलके से विजय कुमार को ओबीसी विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा हांसी हल्के से राहुल सोरखी को आम आदमी पार्टी की छात्र विंग (एएसएपी) का जिला अध्यक्ष व नलवा हल्के से अजीत नागर को छात्र विंग का जिला सह सचिव नियुक्त किया है। उनकी इन नियुक्तियों का पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने स्वागत करते हुए कहा कि जनता के बीच जाकर पार्टी के प्रचार प्रसार के लिये दिन-रात एक कर दें। अपनी नियुक्ति पर तीनों नेताओं विजय कुमार, राहुल सोरखी व अजीत नागर ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता, आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी व पार्टी की छात्र विंग के प्रदेशाध्यक्ष दीपक धनखड़ सहित अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।



हिसार। हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### शंकराए डिफेंस अकेडमी ने उमरा को हराया

**हिसार।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा में किया गया। प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियां की मिनी, सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की टीमें शामिल हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद लेफ्टिनेंट जनरल डीपी वत्स रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत लाडवा के सरपंच रामफल पूनिया ने की। कोच अशोक पूनिया व कोच महावीर पूनिया ने बताया कि सब-जूनियर बालिका वर्ग में शंकराए डिफेंस अकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उमरा टीम को पराजित किया। मिनी बालक वर्ग में लाडवा टीम ने धांसू टीम को हराया। वहीं शंकराए डिफेंस अकेडमी ने एक अन्य मुकाबले में सातरोड़ खुर्द टीम को हराया। शनिवार को सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। कार्यक्रम में कोच संदीप पूनिया, नवीन पूनिया, राजेंद्र बूरा, सतबीर रायपुर, उमेश शर्मा, मनबीर शर्मा और अजय श्योराण ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पार्षद जसबीर लाडवा, विद्यालय प्राचार्या फूलवती लांबा, गोशाला प्रधान आनंद राज, सामाजिक कार्यकर्ता मधु बाला, डी.पी.ई. दीपक पंवार, रणबीर फौजी, फाउंडेशन प्रधान प्रदीप लांबा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नौनिहालों ने बिखेरी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में परंपरा के रंग बचपन के संग–संस्कृति की छाया में मुस्कुराता बचपन थीम के अंतर्गत चल रही पांच दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के चौथे दिन का आयोजन उत्साह और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के नौ निहालों ने अपने अभिभावकों की उपस्थिति में मंच पर विविध पात्रों की मनमोहक प्रस्तुति दी। रंग-बिरंगी व पारंपरिक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरे संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिभावकों की सहभागिता ने आयोजन में पारिवारिक स्नेह और भावनात्मक जुड़ाव का सुंदर समावेश किया। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. संगीता पोरीया (एमडीएस) तथा श्री काली देवी आई एंड जनरल हॉस्पिटल, के सर्जन डॉ. मेजर एमके धींगड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजेताओं को विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने बधाई दी।




फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के चौथे दिन नर्सरी ई से रुद्र, आकृति और राव जिया प्रथम, तिष्या, लवेश और हर्ष ने द्वितीय तथा डिलिशा, सानवी चोपड़ा व यशवी यादव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एल के जी सी से सिद्धार्थ, परिधि, व गर्विता प्रथम, शंख चौधरी, युविका व समायरा खट्टर द्वितीय तथा आध्या, समक्ष व निया तृतीय स्थान पर रहे।

---

**रजत जंयती समारोह** — हरिद्वार व काशी के 125 वैदिक विद्वानों ने किया श्रीमद् देवी भागवत का मूल पाठ

# जीवन में कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है इसलिए हमेशा सद्कर्म करें : संतोषी माता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम का दस दिवसीय रजत जयंती समारोह धूमधाम व पूरे उत्साह के साथ जारी है। प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। रजत जयंती समारोह में चल रही 108 श्रीमद् देवी भागवत कथा में अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने कर्म का महत्व समझाकर सद्कर्म करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मां संतोषी आश्रम में हरिद्वार व काशी के 125 वैदिक विद्वानों ने श्रीमद् देवी भागवत का संस्कृत में मूल पाठ करते हुए आध्यात्मिकता का संचार किया। श्रीमद् देवी भागवत पारायण से पूर्व महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने मूल पाठ के प्रधान पाठक आचार्य रमेश उनियाल व अन्य वैदिक विद्वानों को तिलक किया।

श्रीमद् देवी भागवत कथा में तृतीय दिवस महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने श्रद्धालुओं को समझाया कि कर्म की बहुत गहन गति है। हर इंसान को कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है, इसलिए हमेशा सदकर्म करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन कर्मों का फल इकट्ठा हो चुका है उन्हें संचित कर्म कहते हैं। वर्तमान में जो कर्म कर रहे हैं उन्हें क्रियमान कहते हैं और भविष्य तो आगे खड़ा ही है।





हिसार। मां संतोषी आश्रम के रजत जयंती समारोह में श्रीमद् देवी भागवत कथा में प्रवचन देतीं महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता तथा श्रीमद् देवी भागवत का मूल पाठ करते वैदिक विद्वान। *फोटो : हरिभूमि*

#### 4 नवंबर तक कार्यक्रम

मां संतोषी आश्रम की प्रबंधक कमेटी के संयोजक राजमल काजल ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत पारायण रजत जयंती समारोह 4 नवंबर तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस शक्ति सत्संग सभा के प्रधान महासचिव सुशील बुड़ाकिया, बीकानेर से सरोज दरगड़, रोहतक से शीला व सत्यवान, अनुपमा हांडा, हेमराज यादव व सतनारायण शर्मा ने स्वामी संतोषी माता का सत्कार किया।

इस अवसर पर पवन जिंदल, कमल सर्राफ, पंकज संधीर, राकेश शर्मा, भीम सेन, दिनेश रावलवासिया, सतीश अग्रवाल, मोहित बंसल, रवि गुप्ता, संजीव गुप्ता, मदनलाल गोयल, लोकनाथ सिंगल व अनिल महता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।